सेन्ट पॉल उच्च माध्यमिक विद्यालय, पाली

(विषय :10 वर्ष एवं 16 वर्ष पर दी जाने वाली टीडी वैक्सीन टीकाकरण के सन्दर्भ में)

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पाली के पत्र क्रमांक/ टीडी वैक्सीन/2024/7389–90 दिनांक 27/09/2024 की अनुपालना में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है की विशेष अभियान के तहत 5 वर्ष के बच्चों को यानी कक्षा 01 के बच्चों को डीपी बूस्टर डोज एवं 10 वर्ष एवं 16 वर्ष के बच्चों को टीडी 10 व टीडी 16 वैक्सीन टीकाकरण किया जाना तय हुआ है। हमारे विद्यालय में यह निशुल्क टीकाकरण दिनांक 28/11/2024 (गुरूवार) को आयोजित किया जायेगा।

अतः आपसे निवेदन है की यदि आप अपने 5 वर्ष के बच्चों को यानी कक्षा 01 के बच्चों को डीपी बूस्टर डोज एवं 10 वर्ष एवं 16 वर्ष यानी कक्षा 05 व कक्षा 10 में अध्यनरत बच्चों का टीडी 10 व टीडी 16 वैक्सीन टीकाकरण करवाना चाहते है तो अपने बच्चें की विद्यालय डायरी में अपनी सहमती निम्नानुसार अपने कक्षाध्यापक को दिनांक 27/11/2024 तक देने का श्रम करावें ताकी डीपी बूस्टर डोज एवं टीडी 10 व टीडी 16 वैक्सीन टीकाकरण से वंचित बच्चों को टीकाकृत किया जा सके।

अभिभावक सहमती :

मैं .... (माता/पिता/संरक्षक का नाम) अपने पुत्र/पुत्री ....(पुत्र/पुत्री का नाम) जो कक्षा .... का विद्यार्थी है, उसके डीपी बूस्टर डोज / टीडी 10 /टीडी 16 वैक्सीन टीकाकरण के लिए अपनी सहमती व स्वीकृती प्रदान करता हूँ।

हस्ताक्षर..

कृपया उपरोक्त अभिभावक सहमती को विद्यालय डायरी में लिखकर कक्षाध्यापक को दिनांक 27/11/2024 तक सूचित करवाने का श्रम करावें । दिनांक 27/11/2024 तक प्राप्त सहमती के आधार पर बच्चों को 28/11/2024 को टीकाकृत किया जायेगा।

नोट : टीकाकरण कराने वाले विद्यार्थियों को यदि किसी प्रकार की एलर्जी या अन्य कोई स्वास्थ्य समस्या हो तो सहमती के साथ उसे उल्लेखित करें

सलंग्न : कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पाली का पत्र

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पाली का पत्र

राजस्थान–सरकार

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,पाली (राज0)

E-Mail ID :- cmho-pal-rj@nic.in.
E-Mail ID :- rcho-pal-rj@nic.in

क्रमांक/TD Vaccine/2024/7389-90 दिनांक :- 27/9/24

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सोजत/बाली
समस्त ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी
समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारी शहरी प्राथ.स्वा.केन्द्र,

विषय :– 10 वर्ष, एवं 16 वर्ष पर दी जाने वाली TD Vaccine के टीकाकरण के क्रम में।

संदर्भ :– निदेशालय के पत्र क्रमांक 433 दिनांक 04.09.2024
निदेशालय के पत्र क्रमांक 462 दिनांक 19.09.2024

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि जिलें के टीडी 10 वर्ष का वार्षिक लक्ष्य 55036 के विरूद्व उपलब्धि 10064 (18 प्रतिशत) एवं टीडी 16 वर्ष के वाषिक लक्ष्य 43379 के विरूद्व 9274 (21 प्रतिशत) ही रहा है। दिनांक 24.09.2024 को आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में टीडी 10 व टीडी 16 टीकाकरण की समीक्षा की गई, जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया की विशेष अभियान के रूप में टीडी 10 व टीडी 16 के वंचित बच्चों को टीकाकृत किया जाना है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने ब्लॉक के अधीन राजकीय, निजी विघालय एवं मदरसा में कक्षा 5 व कक्षा 10 में अध्यनरत बच्चों का टीकाकरण करने के लिए संलग्न प्रपत्र में माईक्रोप्लान तैयार कर जिला स्तर पर दिनांक 30.09.2024 तक भिजवाना सुनिश्चित करें।

संलग्न :– 1. माईक्रोप्लान प्रपत्र एक्सल शीट
2. 10 वर्ष, 16 वर्ष की प्रगति रिपोर्ट

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
पाली

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. श्रीमान् निदेशक (जन.स्वा.) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं, राज. जयपुर।
2. श्रीमान् परियोजना निदेशक (टीका.) चिकि. एवं स्वा. सेवायें जयपुर।
3. श्रीमान् संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें जोन जोधपुर।
4. श्रीमान् अधीक्षक, राजकीय बॉगड़ मेड़िकल कॉलेज, पाली।
5. श्रीमान् जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी जिला–पाली।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एनएचएम/एनयूएचएम पाली।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
पाली

D:\RCHO\TD Vaccine\TD Vaccine Letter (Md.Yunus).docx